भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 936**

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2024

7 श्रावण, 1946 (शक)

**नेहरू युवा केंद्र (एनवाईके) के माध्यम से युवा शक्ति को बेहतर बनाना और विकसित करना**

**936. डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन :**

**श्री डी. एम. कथीर आनंद:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में नेहरू युवा केंद्र (एनवाईके) के माध्यम से युवा शक्ति को बेहतर बनाने और विकसित करने के लिए कोई सक्रिय कदम उठाए हैं या उठाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले दस वर्षों के दौरान राज्य-वार, वर्ष-वार कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई, वितरित की गई और उपयोग की गई;

(ग) क्या कर्मचारियों और जिला समन्वयकों की कमी के कारण एनवाईके की गतिविधियां बाधित हुई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) एनवाईके में विशेष रूप से तमिलनाडु राज्य में सभी रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने हैं;

(ङ) क्या सरकार के पास सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित करने के लिए देशभर के कलाकारों को शामिल करते हुए संस्कृति राजदूत समूह बनाने की कोई योजना है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) जी हां। युवा कार्यक्रम विभाग, नेहरू युवा केंद्र संगठन (देश भर में कुल 623 नेहरू युवा केंद्र) के माध्यम से युवा सशक्तिकरण तथा नेतृत्व में सुधार और विकास के लिए अन्य मंत्रालयों के सहयोग से कार्यकलापों यथा मुख्य कार्यक्रम, विशेष कार्यक्रम, राष्ट्रीय युवा एवं किशोर विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम और परियोजनाओं का आयोजन करता है। एनवाईकेएस का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को संगठित करना, प्रेरित करना है तथा गांव आधारित युवा क्लबों के रूप में लोकतांत्रिक संस्थागत तंत्र विकसित करने के लिए उनकी क्षमता में वृद्धि करना, उन्हें उपयोगी और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए सशक्त बनाना, उनमें समानता और स्वयंसेवा की भावना से सामुदायिक विकास

और राष्ट्र निर्माण कार्यकलापों की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार के रूप में कार्य करने के लिए स्थानीय नेतृत्व संभालने के लिए प्ररित करना है। नेहरू युवा केंद्र संगठन के माध्यम से आयोजित युवा विकास और सशक्तिकरण कार्यक्रम का विवरण अनुबंध-1 में दिया गया है।

(ख) पिछले दस वर्षों के दौरान वितरित की गई और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष-वार और राज्य-वार विवरण अनुबंध-2 में दिया गया है।

(ग) और (घ): एनवाईकेएस के कार्यकलाप और कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। यद्यपि मौजूदा रिक्तियों को शीघ्रता से भरने के लिए हर संभव प्रयास किया जाता है लेकिन नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) में सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र या पदोन्नति के कारण रिक्तियां उत्पन्न होती रहती हैं। रिक्तियों उत्पन्न होना और भरना एक सतत प्रक्रिया है।

(ङ.) और (च): जी नहीं। तथापि, सरकार संस्कृति मंत्रालय के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और वैश्विक स्तर पर भारत की छवि को सुधारने के लिए एक 'ग्लोबल एंगेजमेंट स्कीम' संचालित करती है। इसका उद्देश्य विदेशों में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना, भारत और संबंधित देशों के बीच घनिष्ठ मित्रता और सांस्कृतिक संपर्क को बढ़ावा देना है। 'ग्लोबल एंगेजमेंट स्कीम' के तहत अन्य देशों में फेस्टिवल ऑफ इंडिया (एफओआई) का आयोजन किया जाता है। नृत्य, संगीत, लोक कला, रंगमंच, कठपुतली, प्रदर्शनियों आदि जैसी प्रदर्शन कलाओं के कलाकारों को भी एफओआई में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है।

****

**अनुबंध-1**

**नेहरू युवा केंद्र (एनवाईके) के माध्यम से युवा शक्ति को बेहतर बनाना और विकसित करना के संबंध में डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन और श्री डी. एम. कथीर आनंद द्वारा दिनांक 29.07.2024 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 936 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा निष्पादित युवा विकास और सशक्तिकरण कार्यक्रम का विवरण

**क. मुख्य कार्यक्रम**

1. युवा क्लब विकास अभियान
2. युवा नेतृत्व और सामुदायिक विकास पर प्रशिक्षण
3. ग्राम क्लस्टर/ब्लॉक स्तर और जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता
4. खेलों को बढ़ावा देना (युवा क्लब को खेल सामग्री)
5. कौशल आधारित उद्यमिता कार्यक्रम
6. राष्ट्रीय महत्व के दिनों, राष्ट्रीय युवा दिवस और सप्ताह को मनाना
7. स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान
8. स्वच्छता पखवाड़ा मनाना
9. श्रमदान शिविर
10. मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवनशैली)
11. स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम
12. युवा संवाद- भारत@2047
13. युवा उत्सव-भारत@2047 (जिला एवं राज्य स्तर)
14. अपने संविधान को जानें- नागरिक जागरूकता कार्यक्रम
15. कैरियर मार्गदर्शन कार्यशालाएँ
16. सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान और सड़क यातायात के लिए स्वयंसेवी सहायता
17. माई भारत-विकसित भारत@2047 भाषण प्रतियोगिता (जिला एवं राज्य स्तर)
18. मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान
19. आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं तैयारी टीमों का गठन

**ख. युवा कार्यक्रम विभाग की स्कीमें:**

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की निम्नलिखित स्कीमें राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने, व्यक्तित्व एवं जीवन कौशल विकास, स्वयंसेवा, नेतृत्व विकास और स्थानीय समकालीन मुद्दों पर विचार-विमर्श करने तथा उनके संभावित समाधान के लिए कार्रवाई के लिए एनवाईकेएस द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं।

• **राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम:**

क. साहस कार्यक्रम
ख. किशोरों के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण
ग. राष्ट्रीय एकता शिविर
घ. अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (एक भारत श्रेष्ठ भारत)

• **राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम:**

**नेबरहुड पार्लियामेंट (एनवाईपी)** - इसका उद्देश्य युवा क्लब के सदस्यों को सामान्य रूप से ग्रामीण समुदायों और विशेष रूप से युवाओं के सामने आने वाले समकालीन सामाजिक-आर्थिक विकास मुद्दों के बारे में शिक्षित करना और उन्हें ऐसे मुद्दों पर बहस/चर्चा में शामिल करना है। राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर नेबरहुड पार्लियामेंट का आयोजन किया गया।

**ग. एनवाईकेएस विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम/कार्यकलाप भी आयोजित करता है। इसका विवरण निम्नानुसार हैं:**

**1. जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से कैच द रेन परियोजना:**
इस परियोजना का उद्देश्य युवा नेताओं और स्वयंसेवकों, परिवारों और ग्राम समुदायों को जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के विविध मुद्दों और आवश्यकता के बारे में जागरूक और शिक्षित करना तथा लोगों को इसका अनुसरण करने के लिए शिक्षित करने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए युवाओं को सशक्त बनाना है।

**2. गृह मंत्रालय के सहयोग से जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम:**
गृह मंत्रालय के सहयोग से एनवाईकेएस द्वारा जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य वामपंथी उग्रवादी जनजातीय युवाओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें विविधता में एकता की अवधारणा को समझने में सक्षम बनाना, उन्हें विकास कार्यकलापों और औद्योगिक उन्नति से परिचित कराना है।

**3. गृह मंत्रालय के सहयोग से कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम:**
एनवाईकेएस भारत सरकार के गृह मंत्रालय के सहयोग से कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित करता है। इसका उद्देश्य कश्मीरी युवाओं को देश के विभिन्न राज्यों में हुई तकनीकी और औद्योगिक उन्नति से परिचित कराना है, जिसमें विभिन्न विकास कार्यकलापों, कौशल विकास, शैक्षिक शिविर; रोजगार के अवसरों की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

**4. कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के सहयोग से निवेशक शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम:**

एनवाईकेएस तथा निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) ने निवेशक शिक्षा, जागरूकता और संरक्षण, सामुदायिक जागरूकता पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एनवाईकेएस के क्षेत्रीय पदाधिकारियों और युवा क्लबों के सदस्यों को निवेशक शिक्षा जागरूकता और संरक्षण का संदेश व्यापक स्तर पर पहुंचाने के लिए एक सहयोगी परियोजना शुरू की है।

**5. जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से नमामि गंगे कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी:**
इसका उद्देश्य युवाओं और जन भागीदारी के माध्यम से गंगा नदी के प्रदूषण को कम करने और इसके संरक्षण में योगदान देना है। इस परियोजना के प्रमुख कार्यकलापों में जागरूकता, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, गांवों को खुले में शौच से मुक्त बनाना, व्यक्तिगत संपर्क और सहकर्मी शिक्षा, गंगा उत्सव, भारत की नदियों के उत्सव के तहत विभिन्न कार्यकलाप शामिल हैं।

**घ. विशेष कार्यक्रम**

1. स्वच्छ भारत 2.0
2. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाना
3. राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव (एनवाईपीएफ)
4. विश्व साइकिल दिवस 2022
5. शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले
6. हर घर तिरंगा

**अनुबंध-2**

**नेहरू युवा केंद्र (एनवाईके) के माध्यम से युवा शक्ति को बेहतर बनाना और विकसित करना के संबंध में डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन और श्री डी. एम. कथीर आनंद द्वारा दिनांक 29.07.2024 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 936 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

पिछले दस वर्षों के दौरान आवंटित एवं उपयोग की गई धनराशि का वर्ष-वार एवं राज्य-वार ब्यौरा

राशि लाख रू.

| | | 2014-15 | | 2015-16 | | 2016-17 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | आवंटित | उपयोग की गई | आवंटित | उपयोग की गई | आवंटित | उपयोग की गई |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 366 | 353 | 418 | 418 | 448 | 415 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 394 | 380 | 450 | 450 | 483 | 446 |
| 3 | असम | 760 | 732 | 868 | 868 | 931 | 861 |
| 4 | बिहार | 1,070 | 1,031 | 1,221 | 1,221 | 1,310 | 1,212 |
| 5 | छत्तीसगढ | 451 | 434 | 514 | 514 | 552 | 510 |
| 6 | गोवा | 56 | 54 | 64 | 64 | 69 | 64 |
| 7 | गुजरात | 704 | 678 | 804 | 803 | 862 | 797 |
| 8 | हरियाणा | 535 | 515 | 611 | 610 | 655 | 606 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 338 | 325 | 386 | 386 | 414 | 383 |
| 10 | जम्मू कश्मीर और लद्दाख | 394 | 380 | 450 | 450 | 483 | 446 |
| 11 | झारखंड | 620 | 597 | 707 | 707 | 759 | 702 |
| 12 | कर्नाटक | 760 | 732 | 868 | 868 | 931 | 861 |
| 13 | केरल | 394 | 380 | 450 | 450 | 483 | 446 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 1,352 | 1,302 | 1,543 | 1,542 | 1,655 | 1,531 |
| 15 | महाराष्ट्र | 958 | 922 | 1,093 | 1,092 | 1,173 | 1,084 |
| 16 | मणिपुर | 282 | 271 | 321 | 321 | 345 | 319 |
| 17 | मेघालय | 197 | 190 | 225 | 225 | 241 | 223 |
| 18 | मिजोरम | 225 | 217 | 257 | 257 | 276 | 255 |
| 19 | नगालैंड | 310 | 298 | 354 | 353 | 379 | 351 |
| 20 | ओडिशा | 845 | 814 | 964 | 964 | 1,035 | 957 |
| 21 | पंजाब | 563 | 542 | 643 | 643 | 690 | 638 |
| 22 | राजस्थान | 901 | 868 | 1,029 | 1,028 | 1,104 | 1,020 |
| 23 | सिक्किम | 113 | 108 | 129 | 129 | 138 | 128 |
| 24 | तमिलनाडु | 873 | 841 | 996 | 996 | 1,069 | 988 |
| 25 | तेलंगाना | 282 | 271 | 321 | 321 | 345 | 319 |
| 26 | त्रिपुरा | 113 | 108 | 129 | 129 | 138 | 128 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 2,000 | 1,925 | 2,282 | 2,281 | 2,449 | 2,264 |
| 28 | उत्तराखंड | 366 | 353 | 418 | 418 | 448 | 415 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 648 | 624 | 739 | 739 | 793 | 733 |
| | **संघ राज्य क्षेत्र** | | | | | | |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 169 | 163 | 193 | 193 | 207 | 191 |
| 31 | चंडीगढ़ | 28 | 27 | 32 | 32 | 34 | 32 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | दादर और नगर हवेली | 28 | 27 | 32 | 32 | 34 | 32 |
| 33 | दमन और दीव | 56 | 54 | 64 | 64 | 69 | 64 |
| 34 | दिल्ली | 253 | 244 | 289 | 289 | 310 | 287 |
| 35 | लक्षद्वीप | 28 | 27 | 32 | 32 | 34 | 32 |
| 36 | पुडुचेरी | 113 | 108 | 129 | 129 | 138 | 128 |
| | **कुल** | **17,545** | **16,895** | **20,025** | **20,017** | **21,485** | **19,866** |

**राशि लाख रू.**

| | | **2017-18** | | **2018-19** | | **2019-20** | | **2020-21** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **आवंटित** | **उपयोग की गई** | **आवंटित** | **उपयोग की गई** | **आवंटित** | **उपयोग की गई** | **आवंटित** | **उपयोग की गई** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 465 | 455 | 600 | 559 | 758 | 744 | 559 | 629 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 500 | 490 | 646 | 602 | 816 | 802 | 602 | 678 |
| 3 | असम | 965 | 945 | 1,246 | 1160 | 1574 | 1546 | 1160 | 1307 |
| 4 | बिहार | 1,358 | 1,330 | 1,753 | 1633 | 2215 | 2176 | 1633 | 1839 |
| 5 | छत्तीसगढ | 572 | 560 | 738 | 688 | 933 | 916 | 688 | 774 |
| 6 | गोवा | 71 | 70 | 92 | 86 | 117 | 115 | 86 | 97 |
| 7 | गुजरात | 893 | 875 | 1,153 | 1075 | 1457 | 1431 | 1074 | 1210 |
| 8 | हरियाणा | 679 | 665 | 877 | 817 | 1108 | 1088 | 817 | 920 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 429 | 420 | 554 | 516 | 700 | 687 | 516 | 581 |
| 10 | जम्मू कश्मीर और लद्दाख | 500 | 490 | 646 | 602 | 816 | 802 | 602 | 678 |
| 11 | झारखंड | 786 | 770 | 1,015 | 946 | 1282 | 1260 | 946 | 1065 |
| 12 | कर्नाटक | 965 | 945 | 1,246 | 1160 | 1574 | 1546 | 1160 | 1307 |
| 13 | केरल | 500 | 490 | 646 | 602 | 816 | 802 | 602 | 678 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 1,715 | 1,679 | 2,214 | 2063 | 2798 | 2748 | 2063 | 2323 |
| 15 | महाराष्ट्र | 1,215 | 1,190 | 1,568 | 1461 | 1982 | 1947 | 1461 | 1645 |
| 16 | मणिपुर | 357 | 350 | 461 | 430 | 583 | 573 | 430 | 484 |
| 17 | मेघालय | 250 | 245 | 323 | 301 | 408 | 401 | 301 | 339 |
| 18 | मिजोरम | 286 | 280 | 369 | 344 | 466 | 458 | 344 | 387 |
| 19 | नगालैंड | 393 | 385 | 507 | 473 | 641 | 630 | 473 | 532 |
| 20 | ओडिशा | 1,072 | 1,050 | 1,384 | 1289 | 1749 | 1718 | 1289 | 1452 |
| 21 | पंजाब | 715 | 700 | 923 | 860 | 1166 | 1145 | 860 | 968 |
| 22 | राजस्थान | 1,144 | 1,120 | 1,476 | 1375 | 1865 | 1832 | 1375 | 1549 |
| 23 | सिक्किम | 143 | 140 | 185 | 172 | 233 | 229 | 172 | 194 |
| 24 | तमिलनाडु | 1,108 | 1,085 | 1,430 | 1332 | 1807 | 1775 | 1332 | 1500 |
| 25 | तेलंगाना | 357 | 350 | 461 | 430 | 583 | 573 | 430 | 484 |
| 26 | त्रिपुरा | 143 | 140 | 185 | 172 | 233 | 229 | 172 | 194 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 2,537 | 2,484 | 3,275 | 3052 | 4139 | 4065 | 3051 | 3436 |
| 28 | उत्तराखंड | 465 | 455 | 600 | 559 | 758 | 744 | 559 | 629 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 822 | 805 | 1,061 | 989 | 1341 | 1317 | 988 | 1113 |
| | **संघ राज्य क्षेत्र** | | | | | | | | |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 214 | 210 | 277 | 258 | 350 | 344 | 258 | 290 |
| 31 | चंडीगढ़ | 36 | 35 | 46 | 43 | 58 | 57 | 43 | 48 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | दादर और नगर हवेली | 36 | 35 | 46 | 43 | 58 | 57 | 43 | 48 |
| 33 | दमन और दीव | 71 | 70 | 92 | 86 | 117 | 115 | 86 | 97 |
| 34 | दिल्ली | 322 | 315 | 415 | 387 | 525 | 515 | 387 | 436 |
| 35 | लक्षद्वीप | 36 | 35 | 46 | 43 | 58 | 57 | 43 | 48 |
| 36 | पुडुचेरी | 143 | 140 | 185 | 172 | 233 | 229 | 172 | 194 |
| | **कुल** | **22,265** | **21,798** | **28,740** | **26,777** | **36,318** | **35,672** | **26,775** | **30,150** |

**राशि लाख रू.**

| | | 2021-22 | | 2022-23 (अनंतिम अ-लेखापरीक्षित) | | 2023-24 (अनंतिम अ-लेखापरीक्षित) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. . | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | आवंटित | उपयोग की गई | आवंटित | उपयोग की गई | आवंटित | उपयोग की गई |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 762 | 670 | 744 | 704 | 792 | 697 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 820 | 722 | 801 | 758 | 853 | 751 |
| 3 | असम | 1582 | 1392 | 1545 | 1463 | 1645 | 1449 |
| 4 | बिहार | 2226 | 1958 | 2174 | 2058 | 2315 | 2039 |
| 5 | छत्तीसगढ | 937 | 825 | 915 | 867 | 975 | 858 |
| 6 | गोवा | 117 | 103 | 114 | 108 | 122 | 107 |
| 7 | गुजरात | 1465 | 1288 | 1430 | 1354 | 1523 | 1341 |
| 8 | हरियाणा | 1113 | 979 | 1087 | 1029 | 1158 | 1019 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 703 | 618 | 687 | 650 | 731 | 644 |
| 10 | जम्मू कश्मीर और लद्दाख | 820 | 722 | 801 | 758 | 853 | 751 |
| 11 | झारखंड | 1289 | 1134 | 1259 | 1192 | 1340 | 1180 |
| 12 | कर्नाटक | 1582 | 1392 | 1545 | 1463 | 1645 | 1449 |
| 13 | केरल | 820 | 722 | 801 | 758 | 853 | 751 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 2812 | 2474 | 2746 | 2600 | 2924 | 2575 |
| 15 | महाराष्ट्र | 1992 | 1752 | 1945 | 1842 | 2071 | 1824 |
| 16 | मणिपुर | 586 | 515 | 572 | 542 | 609 | 537 |
| 17 | मेघालय | 410 | 361 | 400 | 379 | 426 | 376 |
| 18 | मिजोरम | 469 | 412 | 458 | 433 | 487 | 429 |
| 19 | नगालैंड | 644 | 567 | 629 | 596 | 670 | 590 |
| 20 | ओडिशा | 1758 | 1546 | 1716 | 1625 | 1828 | 1610 |
| 21 | पंजाब | 1172 | 1031 | 1144 | 1083 | 1218 | 1073 |
| 22 | राजस्थान | 1875 | 1649 | 1831 | 1733 | 1949 | 1717 |
| 23 | सिक्किम | 234 | 206 | 229 | 217 | 244 | 215 |
| 24 | तमिलनाडु | 1816 | 1598 | 1774 | 1679 | 1889 | 1663 |
| 25 | तेलंगाना | 586 | 515 | 572 | 542 | 609 | 537 |
| 26 | त्रिपुरा | 234 | 206 | 229 | 217 | 244 | 215 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 4160 | 3659 | 4062 | 3846 | 4325 | 3809 |
| 28 | उत्तराखंड | 762 | 670 | 744 | 704 | 792 | 697 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 1348 | 1185 | 1316 | 1246 | 1401 | 1234 |
| | **संघ राज्य क्षेत्र** | | | | | | |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 352 | 309 | 343 | 325 | 366 | 322 |
| 31 | चंडीगढ़ | 59 | 52 | 57 | 54 | 61 | 54 |
| 32 | दादर और नगर हवेली | 59 | 52 | 57 | 54 | 61 | 54 |
| 33 | दमन और दीव | 117 | 103 | 114 | 108 | 122 | 107 |
| 34 | दिल्ली | 527 | 464 | 515 | 488 | 548 | 483 |
| 35 | लक्षद्वीप | 59 | 52 | 57 | 54 | 61 | 54 |
| 36 | पुडुचेरी | 234 | 206 | 229 | 217 | 244 | 215 |
| | **कुल** | **36,500** | **32,108** | **35,644** | **33,746** | **37,954** | **33,426** |

****